## तनिष्क ज्वेलरी स्टोर में आभूषण चोरी का खुलासा, कैशियर गिरफ्तार

### 16 लाख से अधिक के स्वर्ण आभूषण बरामद, पुलिस ने भेजा जेल

**हाजीपुर ( आससे )।** नगर थाना क्षेत्र के सुभाष चौक स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में बिलिंग में हेराफेरी कर हुए स्वर्ण आभूषण चोरी कांड का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने शोरूम के कैशियर को गिरफ्तार कर उसके पास से 16 लाख रुपये से अधिक के आभूषण बरामद किए हैं।

रविवार को सदर एसडीपीओ-01 सुबोध कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि शोरूम के फ्रेंचाइजी ओनर ने नगर थाना में आवेदन देकर कर्मी पर सुनियोजित वित्तीय अनियमितता और गबन का आरोप लगाया था। आवेदन पर नगर थाना कांड संख्या 1056/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक वैशाली के निर्देश पर एसडीपीओ सदर-01 के नेतृत्व में थानाध्यक्ष नगर के साथ विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी अनुसंधान और सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया।

जांच के दौरान शोरूम के कैशियर मो. इरफान पर संदेह गहराया। पूछताछ में उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर बागमली स्थित आशियाना कॉलोनी के किराए के मकान से एक जोड़ा सोने का कंगन 38.34 ग्राम और एक सोने की चैन




63.42 ग्राम तथा एक मोबाइल जब्त किया गया। अनुसंधान में पता चला कि वह फर्जी भुगतान को सिस्टम में अपडेट कर आभूषण फर्जी ग्राहकों के नाम पर डिलीवर दिखाकर गबन करता था। गिरफ्तार अभियुक्त मो. इरफान, पिता मो. समीम, पहाड़ीचक, सोनपुर, सारण का निवासी है। बरामद कंगन की कीमत करीब 6.37 लाख और चैन की करीब 10.48 लाख रुपये आंकी गई है।

## वैशाली में पुलिस का शिकंजा, एक दिन में 67 अपराधी गिरफ्तार

### भारी मात्रा में शराब, स्मैक और सोने के जेवरात बरामद

**हाजीपुर ( आससे )।** वैशाली पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले भर में विशेष अभियान चलाकर 67 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा के निर्देश पर शनिवार 31 अक्टूबर को जिले के सभी चार अनुमंडलों में एक साथ यह विशेष समकालीन अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आमजनों की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया था। अभियान का नेतृत्व सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं थानाध्यक्षों ने किया। इस दौरान गंभीर कांडों के फरार अभियुक्तों, वारंटियों, शराब कारोबारियों एवं मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

पुलिस को इस अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले में कुल 67 अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ-साथ 5.07 लीटर विदेशी शराब, 15 लीटर देशी शराब, 13 ग्राम स्मैक/हेरोइन, 3900 रुपये नकद और सोने के एक जोड़ा कंगन की बरामदगी की गई है। सदर अनुमंडल-01 हाजीपुर में पुलिस ने कुल 17 अपराधियों को पकड़ा। इसमें नगर थाना क्षेत्र से सोने का कंगन बरामद कर कांड में एक, सदर थाना से शराब पीने के मामले में एक, काजीपुर थाना से वारंट में एक, औद्योगिक थाना क्षेत्र से 15 लीटर देशी शराब के साथ कांड में एक, बिदुपुर थाना से 13 ग्राम स्मैक और 3900 रुपये नकद के साथ कांड में तीन, गंगाब्रिज थाना से वारंट में तीन तथा जुड़ावनपुर थाना से वारंट में एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हुई। इसके अलावा अन्य कांडों में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया।

सदर-02 लालगंज अनुमंडल में भी कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया। लालगंज थाना से सोने का कंगन बरामद कर वारंट में दो, वैशाली थाना से 750 एमएल विदेशी शराब के साथ कांड में दो, वारंट में दो और शराब पीने के मामले में दो, बेलसर थाना से वारंट में दो तथा सराय थाना से कांड में दो अभियुक्तों को पकड़ा गया। अन्य कांडों में पांच लोगों की गिरफ्तारी हुई। महनार अनुमंडल में कुल 21 गिरफ्तारियां हुईं। महनार थाना से वारंट में पांच, देसरी थाना से दो, चंदपुरा थाना से रिकॉल पर मुक्त आठ, सहदेई थाना से दो तथा अन्य कांडों में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार महुआ अनुमंडल में कुल 12 लोगों की गिरफ्तारी हुई। कटहरा थाना से शराब पीने में एक, जंदाहा से एक, महिसौर थाना से 4.320 लीटर विदेशी शराब बरामद, पातेपुर से दो, तिसिऔता से दो तथा अन्य कांडों में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिए इस तरह का विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

**अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें**
**हावड़ा और पटना के बीच**

आगामी दिवाली और छठ उत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **हावड़ा और पटना** के बीच **अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन की तिथियों, ठहराव और गठन के अनुसार चलेंगी:-

**03033/03034 हावड़ा – पटना – हावड़ा अनरिजर्व्ड स्पेशल**

| हावड़ा – पटना | | | (03033) (03034) | पटना – हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 06.11.26 | – | 17.40 | ↓ हावड़ा | 22.15 | – | |
| एवं | 19.32 | 19.34 | बर्द्धमान | 19.06 | 19.08 | 07.11.26 |
| 11.11.26 | 21.00 | 21.05 | आसनसोल | 17.00 | 17.05 | एवं |
| | 23.18 | 23.20 | जसीडीह | 14.02 | 14.04 | 12.11.26 |
| 07.11.26 एवं | 01.18 | 01.20 | किऊल | 09.18 | 09.20 | |
| 12.11.26 | 05.00 | – | पटना ↑ | – | 06.30 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहेब और राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तारीख: हावड़ा से –** 03033 दिनांक 06.11.2026 और 11.11.2026 (शुक्रवार और बुधवार) को = 02 ट्रिप और **पटना से –** 03034 दिनांक 07.11.2026 और 12.11.2026 (शनिवार और बृहस्पतिवार) को = 02 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 16 और एसएलआरडी – 02 = 18 कोच **(अनरिजर्व्ड)। कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03035/03036 हावड़ा – पटना – हावड़ा अनरिजर्व्ड स्पेशल**

| हावड़ा – पटना | | | (03035) (03036) | पटना – हावड़ा | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| 07.11.26 | – | 23.45 | ↓ हावड़ा | 01.00 | – | 09.11.26 |
| | 01.50 | 01.52 | बर्द्धमान | 22.51 | 22.53 | |
| | 03.33 | 03.36 | आसनसोल | 20.45 | 20.50 | 08.11.26 |
| 08.11.26 | 05.22 | 05.24 | जसीडीह | 18.25 | 18.27 | |
| | 08.02 | 08.04 | किऊल | 16.13 | 16.15 | |
| | 10.45 | – | पटना ↑ | – | 13.35 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें मार्ग में दोनों दिशाओं में बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, लक्खीसराय, मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, खुसरोपुर, फतुहा, पटना साहेब और राजेंद्र नगर टर्मिनल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तारीख: हावड़ा से –** 03035 दिनांक 07.11.2026 (शनिवार) को = 01 ट्रिप और **पटना से –** 03036 दिनांक 08.11.2026 (रविवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 16 और एसएलआरडी – 02 = 18 कोच **(अनरिजर्व्ड)। कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## भाजपाइयों ने पूर्व सांसद आरके सिन्हा को दी श्रद्धांजलि

**हाजीपुर।** भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा के असामयिक निधन पर रविवार को प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बेलकुंडा चौक स्थित एक निजी विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। मौके पर भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित हुए और सभी ने उनके तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

शोक सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता लालजी कुमार राकेश ने कहा कि स्व. सिन्हा जनसंघ एवं भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से थे। प्रारंभिक जीवन में वे पत्रकारिता से जुड़े रहे और बाद में एक सफल राजनेता के रूप में स्थापित हुए। उन्होंने भाजपा के संगठनकर्ता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुरक्षा के क्षेत्र में उन्होंने एसआईएस सिक्योरिटी कंपनी की स्थापना की, जो आज देश-विदेश में कार्य कर रही है।

शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष माधवी सिंह, अमरेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, लालजी कुमार राकेश, पप्पू कुमार, कुमार सौरभ, सुबोध सिंह, सानू झा, नीतीश मस्ताना, बबलू गुप्ता, राजू गुप्ता, कमलनाथ चौहान, डब्लू शाह सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## सोनपुर अनुमंडल पत्रकार संघ का गठन

### अध्यक्ष बने संजीत कुमार, विपिन महासचिव और वैभव कोषाध्यक्ष

**हाजीपुर ( आससे )।** निकटवर्ती सारण जिले के सोनपुर अनुमंडल के पत्रकारों की समस्याओं के समाधान, पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर विचार-विमर्श एवं पत्रकारों को एकजुट करने के उद्देश्य से रविवार को सोनपुर में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक सोनपुर स्थित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर परिसर में वैभव सिंह के आवास पर हुई।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार शर्मा दिघवारा ने की, जबकि संचालन अवध किशोर शर्मा ने किया। बैठक में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकारों ने भाग लिया। बैठक के दौरान पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप, पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान, अधिकारों तथा आपसी समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकारों के समक्ष कई चुनौतियां हैं, जिनका समाधान एकजुट होकर ही किया जा सकता है।

बैठक में सर्वसम्मति से सोनपुर अनुमंडल पत्रकार संघ के गठन का निर्णय लिया गया। साथ ही संगठन को सशक्त एवं मजबूत बनाने के




लिए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों एवं सदस्यों की जिम्मेदारियां तय की गईं। संघ के अध्यक्ष पद पर सोनपुर के संजीत कुमार, महासचिव के रूप में विपिन कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष के रूप में वैभव कुमार सिंह को निर्वाचित किया गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर दिघवारा से दीपक कुमार, दरियापुर से दिनेश द्विवेदी एवं परसा से सोहन ठाकुर को मनोनीत किया गया।

सचिव पद की जिम्मेदारी सोनपुर से एसपी सिंह, दिघवारा से अजीत कुमार सोनू, दरियापुर से विपिन कुमार शर्मा, परसा से दीपक कुमार को दी गई। मीडिया प्रभारी सोनपुर के गौतम कुमार एवं सह मीडिया प्रभारी नयागांव के विष्णु तिवारी को बनाया गया। कार्यसमिति में रौशन कुमार परसा सहित अन्य को शामिल किया गया। कानूनी सलाहकार के रूप में अधिवक्ता सह वरिष्ठ पत्रकार विश्वनाथ सिंह, नंदकिशोर शर्मा एवं अभय कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही संरक्षक मंडल का भी गठन किया गया है।

बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों के हितों की रक्षा करना, उनकी समस्याओं को उचित मंच पर उठाना तथा पत्रकारिता की गरिमा एवं निष्पक्षता को बनाए रखना है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी बैठक में कार्यसमिति का विस्तार किया जाएगा तथा जो साथी इस बैठक में शामिल नहीं हो सके, उन्हें भी संगठन से जोड़ा जाएगा।

अंत में सभी पत्रकारों ने संघ को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। बैठक में मनीष कुमार, मनीष कुमार सिंह, अजय कुमार, रौशन कुमार सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

## समाजसेवी किशोरी सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

**हाजीपुर।** समाजवादी विचारधारा के पुरोधा एवं समाजसेवी स्वर्गीय किशोरी सिंह के असामयिक निधन पर रविवार को उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों और राजनीतिक साथियों ने उनके तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



स्व. सिंह राजापाकर दक्षिणी पंचायत के बंघारा गांव निवासी और जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य संतोष कुशवाहा के पिता थे। उन्होंने जीवनभर समाज के विकास और गरीब-गुरबों के उत्थान के लिए कार्य किया। राजापाकर दक्षिणी पंचायत में स्टेट बोरिंग का निर्माण उनके सहयोग से हुआ। वे मध्य विद्यालय बंघारा के सचिव और राजापाकर स्वास्थ्य केंद्र की रोगी कल्याण समिति के आजीवन सदस्य रहे। वर्ष 1967 में वे विधायक दीप नारायण सिंह के प्रतिनिधि रहे। पूर्व सांसद रामरतन राम, उपेंद्र कुशवाहा और तुलसीदास मेहता के करीबी माने जाते थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। श्रद्धांजलि सभा में देवेंद्र प्रसाद सिंह, सुधीर कुमार, विकास कुमार, संतोष कुशवाहा, राजीव रंजन उर्फ पंकज यादव, वशिष्ठ सिंह, डॉ. मिलन सिंह, जामुन सिंह, मो. सुल्तान अहमद सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राज नारायण कॉलेज में प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी आयोजित

**हाजीपुर ( आससे )।** शहर के राज नारायण कॉलेज परिसर में रविवार को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ विषय पर प्रबुद्ध नागरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के जिला संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष मिथिलेश तिवारी रहे, जबकि अध्यक्षता सुधीर कुमार ने की। मंच संचालन युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजीव ब्रह्मर्षि ने किया।




संगोष्ठी को संबोधित करते हुए हाजीपुर के विधायक अवधेश सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में अराजकता का कोई स्थान नहीं है। अराजक सोच रखने वालों को भाजपा कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक जवाब देंगे। आज लोकतंत्र सुरक्षित हाथों में है और जनता का विश्वास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है।

उन्होंने कहा कि सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने 90 से अधिक बार जनता द्वारा चुनी सरकारों को बर्खास्त किया, लेकिन जनता ने हमेशा लोकतांत्रिक तरीके से उसे जवाब दिया। आज विपक्ष भाजपा के विचार को नहीं रोक पाएगा। राहुल गांधी न तो देश के विकास को रोक पाएंगे और न ही विरासत को आगे बढ़ने से।

उन्होंने सवाल उठाया कि राहुल गांधी मतदाता सूची के शुद्धिकरण से परेशान क्यों हैं और घुसपैठियों से इतनी मोहब्बत क्यों हैं। मौके पर धनंजय साहनी, सुमन सिंह, अधिवक्ता हीरा जी, जिला महामंत्री रविंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष सतीश जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी रंजीत बाबुल, विजय प्रकाश, मंडल अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा, राजेश चौधरी, विक्रम जायसवाल, सुबोध सिंह, राजू सोनी, पवन यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें**
**सियालदह और जयनगर, सियालदह और बलिया तथा कोलकाता और गोरखपुर के बीच**

आगामी छठ उत्सव के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, **सियालदह और जयनगर, सियालदह और बलिया** तथा **कोलकाता और गोरखपुर** के बीच निम्नलिखित अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन के दिनों और गठन के अनुसार चलेंगी:-

**03137/03138 सियालदह–जयनगर–सियालदह अनरिजर्व्ड स्पेशल**

| सियालदह–जयनगर | | | (03137) (03138) | जयनगर–सियालदह | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| | -- | 15.40 | ↓ सियालदह | 01.30 | -- | 14.11.26 |
| 12.11.26 | 18.15 | 18.17 | बर्द्धमान | 22.32 | 22.34 | |
| | 20.05 | 20.10 | आसनसोल | 20.55 | 21.00 | 13.11.26 |
| | 22.25 | 22.27 | जसीडीह | 18.35 | 18.37 | |
| 13.11.26 | 04.40 | 04.45 | दरभंगा | 12.00 | 12.05 | |
| | 07.00 | -- | जयनगर ↑ | -- | 10.00 | |

**उपर्युक्त अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, चित्तरंजन, मधुपुर, झाझा, जमुई, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर और मधुबनी स्टेशनों पर भी रुकेंगी।

● **चलने की तिथियाँ/दिन: सियालदह से:** 03137 दिनांक 12.11.2026 **(वृहस्पतिवार)** को = 1 **ट्रिप** और **जयनगर से:** 03138 दिनांक 13.11.2026 **(शुक्रवार)** को=1 **ट्रिप**।● **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)- 18, एसएलआरडी- 02 = कुल 20 कोच (अनरिजर्व्ड);
● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03139/03140 सियालदह–बलिया–सियालदह अनरिजर्व्ड स्पेशल**

| सियालदह–बलिया | | | (03139) (03140) | बलिया–सियालदह | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| | -- | 10.05 | ↓ सियालदह | 01.30 | -- | 13.11.26 |
| | 12.32 | 12.34 | बर्द्धमान | 22.37 | 22.39 | |
| | 14.55 | 14.57 | चित्तरंजन | 19.53 | 19.55 | |
| 11.11.26 | 16.03 | 16.05 | जसीडीह | 18.45 | 18.47 | 12.11.26 |
| | 18.50 | 18.52 | किऊल | 15.00 | 15.02 | |
| 12.11.26 | 04.00 | -- | बलिया ↑ | -- | 07.00 | |

**उपर्युक्त अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, पानागढ़, दुर्गापुर, अण्डाल, आसनसोल, मधुपुर, सिमुलतला, झाझा, गिधौर, जमुई, मननपुर, बड़हिया, बरौनी, विद्यापतिधाम, मोहिउद्दीननगर, शाहपुर पटोरी, मेहनार रोड, देसरी, अक्षयवट राय नगर, हाजीपुर, सोनपुर, नयागांव, सीतलपुर, दिघवारा, छपरा, सुरेमनपुर, रेवती और सहतवार स्टेशनों पर भी रुकेंगी।

● **चलने की तिथियाँ/दिन: सियालदह से:** 03139 दिनांक 11.11.2026 **(बुधवार)** को = 1 **ट्रिप** और **बलिया से:** 03140 दिनांक 12.11.2026 **(बृहस्पतिवार)** को = 1 **ट्रिप**। ● **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)- 18, एसएलआरडी- 02 = कुल 20 कोच (अनरिजर्व्ड);
● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**03141/03142 कोलकाता–गोरखपुर–कोलकाता अनरिजर्व्ड स्पेशल**

| कोलकाता–गोरखपुर | | | (03141) (03142) | गोरखपुर–कोलकाता | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | तिथि |
| | -- | 15.40 | ↓ कोलकाता | 10.30 | -- | |
| 13.11.26 | 18.15 | 18.17 | बर्द्धमान | 06.51 | 06.53 | |
| | 20.45 | 20.47 | चित्तरंजन | 03.58 | 04.00 | 15.11.26 |
| | 22.25 | 22.27 | जसीडीह | 02.52 | 02.54 | |
| 14.11.26 | 03.45 | 03.50 | मुजफ्फरपुर | 21.40 | 21.45 | 14.11.26 |
| | 11.00 | -- | गोरखपुर ↑ | -- | 13.30 | |

**उपर्युक्त अनरिजर्व्ड स्पेशल ट्रेनें** दोनों दिशाओं में मार्ग में नैहाटी, बैण्डेल, दुर्गापुर, आसनसोल, मधुपुर, झाझा, जमुई, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, मेहसी, चंकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, सिसवा बाज़ार और कप्तानगंज स्टेशनों पर भी रुकेंगी।

● **चलने की तिथियाँ/दिन: कोलकाता से:** 03141 दिनांक 13.11.2026 **(शुक्रवार)** को = 1 **ट्रिप** और **गोरखपुर से:** 03142 दिनांक 14.11.2026 **(शनिवार)** को = 1 **ट्रिप**। ● **गठन:** शयनयान श्रेणी/साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस)- 18, एसएलआरडी- 02 = कुल 20 कोच (अनरिजर्व्ड);
● **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## वर्गीकृत

### शपथ-पत्र

मैं, बिमला शंकर प्रसाद, पिता-गौरी शंकर प्रसाद, पूर्व सीपीएल, सेवा संख्या 242591B, निवासी ग्राम कल्याणपुर, थाना-बिहिया, जिला भोजपुर (बिहार)। वर्तमान पता डोमगढ़ सिंदरी, जिला धनबाद, झारखंड। शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेख में मिसेज मंजू बिमला शंकर प्रसाद एवं पीपीओ में मेरी पत्नी का नाम श्रीमती मंजू तथा जन्मतिथि 28/05/1975 दर्ज है। जबकि उनके आधार 619669526194 में सही नाम मंजू सिन्हा एवं जन्मतिथि 01/10/1955 है। मिसेज मंजू बिमला शंकर प्रसाद, श्रीमती मंजू एवं मंजू सिन्हा एक ही व्यक्ति हैं। इसलिए सेवा अभिलेख एवं पीपीओ में सही नाम एवं जन्मतिथि संशोधित कराने हेतु यह शपथ-पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं। शपथ पत्र संख्या 5081, 24/10/2026, आरा, भोजपुर
**9/482/26**

SAVE
सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: यूनिट नंबर 782, 7वीं मंजिल, वेगास मॉल, प्लॉट नंबर 6, सेक्टर-14, द्वारका, दक्षिण पश्चिम दिल्ली-110075, सीआईएन: U65929DL2016PTC304877
ई-मेल: cs@saveind.in
**शाखा स्थानांतरण का विज्ञापन**
यह सूचित किया जाता है कि मैसर्स सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (इसके बाद "कंपनी" के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 2013 के नियमों के तहत निगमित और भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के साथ गैर-जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी- एमएफआई के रूप में पंजीकृत- पंजीकरण संख्या: एन-14.03377 का प्रमाणपत्र दिनांक 05 अक्टूबर, 2017 के माध्यम से है। एतद्वारा घोषणा करता है कि सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ- विजय कुमार, चकमहिला वार्ड नंबर-16, हाई स्कूल रोड चकमहिला, जिला-सीतामढ़ी बिहार 843302 में स्थित हमारी सीतामढ़ी शाखा, 01 दिसंबर 2026 से नई जगह सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ- रनेकु सिंह, पत्नी- राजेश युगाए सिंह, ग्राम मधुबन, पोस्ट चकमहिला, जिला-सीतामढ़ी बिहार, पिन नंबर 843302 में पुनः स्थापित किया जाएगा। और सभी ग्राहक केवाईसी और पावासाव ऊपर बताए गए नए शाखा पते पर जारी रहेंगी। मौजूदा शाखा से सभी ग्राहकों के खाते, अभिलेख और अन्य विवरण आसानी से नई शाखा में स्थानांतरित कर दिए जाएंगे।
सेव माइक्रोफाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/-
अजीत कुमार सिंह
स्थान: सीतामढ़ी निदेशक
दिनांक: 02-11-2026 डीआईएन: 01857072

### पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
**प्रबंधक**

## लोहार समाज की बैठक में एकता और संगठन विस्तार पर जोर

### वैशाली जिला अध्यक्ष बने प्रवीण कुमार, कई पदाधिकारियों का मनोनयन

**हाजीपुर, ( आससे )।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा लोहार समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हाजीपुर के रामआशीष चौक स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की




जिला अध्यक्ष अंजू शर्मा ने की, जबकि कुशल संचालन जिला प्रधान महासचिव धर्मनाथ शर्मा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के संस्थापक विद्या सागर शर्मा ने कहा कि यह बैठक समाज के आत्मसम्मान, एकता और उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करने का ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के वंशज होने के नाते हमें अपनी विरासत पर गर्व होना चाहिए। हमारे पूर्वजों ने अपने हुनर और श्रम से सृष्टि के निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है। संगठन यह संकल्प लेता है कि समाज का कोई भी व्यक्ति पीछे न छूटे।

राष्ट्रीय महासचिव संतोष शर्मा ने कहा कि वर्तमान दौर प्रतिस्पर्धा का है। समाज में सही स्थान प्राप्त करने के लिए संगठन की शक्ति को पहचानना जरूरी है। बिखराव से कमजोरी आती है और एकता ही ताकत है। समाज के सक्षम और प्रबुद्ध लोगों को गरीब व मेधावी बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए आगे आना चाहिए।

बैठक में संगठन के विस्तार के लिए कई मनोनयन किए गए। प्रवीण कुमार (संस्थापक, स्माइल इंडिया फाउंडेशन) को वैशाली जिला अध्यक्ष, दीपक कुमार को जिला अध्यक्ष व्यवसायिक प्रकोष्ठ, सुबोध कुमार शर्मा को जिला संगठन महासचिव, चंदन शर्मा को प्रखंड अध्यक्ष महनार, दीपक शर्मा को प्रखंड सचिव देसरी तथा नरेश कुमार शर्मा को प्रखंड उपाध्यक्ष लालगंज मनोनीत किया गया।

नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कहा कि मिली जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाएंगे और संगठन को प्रखंड एवं गांव स्तर तक मजबूत करेंगे। बैठक में महिला प्रकोष्ठ की जिला प्रधान महासचिव रिंकू कुमारी, भगवानपुर महिला प्रखंड अध्यक्ष चांदनी कुमारी, महिला जिला सचिव रिंकू देवी, जिला उपाध्यक्ष पार्वती देवी, जगन्नाथ कुमार, प्रो. बीके शर्मा, कार्यालय प्रभारी मुकेश शर्मा, अखिलेश्वर शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सवर्ण समाज की बैठक में एससी एसटी एक्ट में बदलाव की मांग

**महुआ ( आससे )।** महुआ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सवर्ण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मेश्वर सिंह ने की, जबकि संचालन मनीष राज ने किया। बैठक का मुख्य विषय वर्तमान में लागू यूजीसी एवं एससी/एसटी एक्ट में सवर्ण समाज के हित के लिए आवश्यक




बदलाव को लेकर था। इस मुद्दे पर उपस्थित सभी वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने विस्तारपूर्वक अपने सुझाव रखे और विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि कानून का दुरुपयोग रोकने और सभी वर्गों के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए इसमें संशोधन जरूरी है। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व मुखिया एवं संयोजक गौरीशंकर सिंह, पूर्व मुखिया विश्वबंधु सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, मंडल अध्यक्ष उमारंजन उर्फ रमैया सिंह, प्रोफेसर रघुवंश सिंह, प्रभारी मिथुन सिंह, मुकेश झा, शिवाजी सिंह, पूर्व प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध सिंह, चंद्र मोहन सिंह, पूर्व सरपंच गजेंद्र सिंह, राजीव झा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।